# समाचार

## छठ घाटों में पहुंचकर भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया महापौर ने

कोरबा 17 नवंबर 2015 – छठ पर्व के पावन अवसर पर आज महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने निगम क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों पर पहुंचकर वहां उपस्थित श्रद्धालुओं को छठ पर्व की अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी, उन्होने भगवान सूर्य को अर्घ्य प्रदान किया तथा नगर के अमन चैन तथा सर्वांगीण विकास व आम नागरिकों की सुख–समृद्धि की कामना भगवान भुवन भास्कर से की।

छठ पर्व के पावन अवसर पर आज शाम निगम क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों पर अस्तांचलगामी भगवान सूर्य को श्रद्धालुओं द्वारा अर्घ्य प्रदान किया गया। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने इस मौके पर निगम क्षेत्र में स्थित एस.ई.सी. एल. स्थित एस.बी.एस. कालोनी अयप्पा मंदिर स्थित छठ घाट, वार्ड क्र. 04 रेतघाट स्थित छठघाट तथा मानिकपुर पोखरी स्थित छठघाट में पहुंचकर श्रद्धालुओं को अपनी शुभकामनाएं दी। महापौर श्रीमती अग्रवाल ने मानिकपुर पोखरी स्थित छठ घाट में अस्तांचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य प्रदान किया तथा आमनागरिकों की सुख–समृद्धि की कामना की। महापौर श्रीमती अग्रवाल के साथ पूर्व सभापति संतोष राठौर, मेयर इन काउंसिल सदस्य सीतामरा चौहान, पार्षद मनीष शर्मा, महिला कांग्रेस की प्रदेश मंत्री कुसुम द्विवेदी, महिला कांग्रेस की शहर जिलाध्यक्ष सपना चौहान ने भी छठघाटों में पहुंचकर श्रद्धालुओं को अपनी शुभकामनाएं दी।

संपादकब्यूरोचीफ.......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

(रावेन्द्र सिंह)
**सहायक जनसंपर्क अधिकारी**
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)